ज्ञान शांति मैत्री

नैक (NAAC) द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997] क्रमांक के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

(A Central Universitv established bv Parliament bv Act No. 3 of 1997)

राष्ट्रीय युवा दिवस पर रक्तदान शिविर
राष्ट्रीय सेवा योजना एवं जिला सामान्य अस्पताल का संयुक्त आयोजन

वर्धा, दि. 15 जनवरी 2019 : महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना तथा जिला सामान्य अस्पताल, वर्धा की ओर से राष्ट्रीय युवा दिवस, 12 जनवरी को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का उदघाटन कार्यकारी कुलसचिव प्रो. के. के. सिंह ने किया। इस अवसर पर मानवीकी एवं समाज विज्ञान विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो. कृपाशंकर चौबे, राष्ट्रीय सेवा योजना के संयोजक राजेश लेहकपुरे, जनसंपर्क अधिकारी बी. एस. मिरगे, रासेयो के पूर्व संयोजक डॉ. अनवर अहमद सिद्दीकी प्रमुखता से उपस्थित थे। समता भवन में स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शिविर का उदघाटन किया गया। इस शिविर में विश्वविद्यालय के अधिकारी, कर्मचारी, शोधार्थी तथा विद्यार्थियों ने आदि सहित 18 लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदान करने वालों में विनोद वैद्य, ब्रिजेश पाटिल, राजेश लेहकपुरे, विवेकानंद राय, अश्विन श्रीवास, राजदीप राठौर, कमलेश मोडवाल, अशोक दया, अमित मिश्रा, गौरव चव्हाण, चेतन डगवार शामिल रहे। सभी रक्तदाताओं का गुलाबपुष्प देकर स्वागत किया गया। जिला

सामान्य अस्पताल की डॉ. देवश्री धांडे, अकुंश कांचनपुरे, किशोर महाजन, सुशांत येसनकर, संगीता सोपकर, शिल्पा थुल

राष्ट्रीय युवा दिवस
रक्तदान शिविर
12 जनवरी 2019

संयुक्त आयोजन
दिवस

आदि ने रक्तदान हेतु सहयोग किया।